दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### गंगा आदर्श विद्यालय के बच्चों को महिला रक्षा टीम प्रभारी बताई गुड टच- बैड टच

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के निर्देशन पर दिनांक 27.07.2023 को महिला सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा के द्वारा महिला सेल के स्टाफ के साथ गंगा आदर्श विद्यालय इंदिरा नगर जाकर स्कूली बच्चों को गुड टच बैड टच की जानकारी डेमो देकर दिया गया। प्रभारी महिला सेल द्वारा बच्चों को ऐसी किसी भी अवांछनीय घटनाओं पर शोर मचाकर विरोध करने और बिना डरे अपने टीचर और पेरेंटस से घटना बताने कहा गया। बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर डॉयल 112 के कार्यों और अभिव्यक्ति एप के संबंध में बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के टीचर, स्टाफ तथा महिला आरक्षक प्रीति यादव उपस्थित थी।

### एसएसपी सदानंद कुमार से भेंट कर पर्वतारोही याशी जैन व्यक्त की रायगढ़ पुलिस का आभार

**रायगढ़।** पर्वतारोही याशी जैन पिछले दिनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार से भेंट कर रायगढ़ पुलिस द्वारा एवरेस्ट कैंपेन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। विदित हो कि रायगढ़ पुलिस की महिला सेल द्वारा याशी को उसके एवरेस्ट कैंपेन के पूर्व पुलिस कार्यालय में महिला सशक्तिकरण के लिये सम्मानित कर कैंपेन के लिये शुभकामनाएं दी गई थी। याशी विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट फतेह कर लौटने के बाद अपने माता-पिता के साथ पुलिस कार्यालय में एसएसपी सदानंद कुमार से सौजन्य मुलाकात कर पर्वत श्रृंखलाओं की बनी पेंटिंग भेंट किया गया। इस दौरान डीएसपी निकिता तिवारी भी मौजूद थी। भेंट दौरान याशी ने सदानंद कुमार को आगे भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा जतायी और उनसे महत्वपूर्ण टिप्स ली। एसएसपी सदानंद कुमार ने याशी को आगे भी सिविल सर्विसेज की तैयारियों में मार्गदर्शन करना बताये और उन्हें तैयारियों के लिये शुभकामनाएं दिया गया।

### संविदा भर्ती: आईटीआई सारंगढ़ में 24 जुलाई को होगी कम्प्यूटर कौशल परीक्षा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन एवं विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए संविदा पर सहायक ग्रेड-3 के 5 पद हेतु 21 पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु 24 जुलाई 2023 को शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में सुबह 11 बजे बुलाया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर दर पर भृत्य भर्ती हेतु 2 दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। इसकी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय सारंगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। साथ ही साथ जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन के जिले के समाचार सारंगढ़ बिलाईगढ़ में भी अपलोड किया गया है।

### युवती से 72700 रुपए की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कैमरा खरीदने का विज्ञापन देखकर 72 हजार 700 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मानसी यादव 21 वर्ष कृषक नगर जोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने फेसबुक पर कैमरा बिक्री करने का विज्ञापन देखकर आरोपी मोबाइल फोन धारक 93959-06504 व अन्य 2 लोगों से कैमरा खरीदी करने का सौदा 6 हजार रुपए में तय किया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया के पेटीएम स्केनर के माध्यम से 5 बार में 72700 रुपए आहरण कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बोलेरो से लाखों की गांजा तस्करी, युवक गिरफ्तार

**कवर्धा-रायपुर (आरएनएस)।** मुखबीर की सूचना पर कवर्धा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो सवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने बोलेरो वाहन में 4 लाख रूपए से अधिक का मादक पदार्थ गांजा छिपाकर तस्करी कर रहा था। कुकदूर थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के बोलेरो वाहन क्रमांक ओडी 27 डी 2577 के चालक द्वारा अपने वाहन में भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर पंडरिया हो हुए मध्यप्रदेश की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने घेराबंदी करते हुए नाकाबंदी कर दी। संदिग्ध वाहन के पहुंचने पर पुलिस ने जब वाहन की जांच की तो डाला के नीचे अलग से चेम्बर होना पाया गया। उस चेम्बर में 80 पैकेट मादक पदार्थ गांजा जैसा पदार्थ खाखी रंग के सेलो स्टेप से लिपटा मिला। गाड़ी में रखे 80 पैकेट मादक पदार्थ गांजा का तौल कराया गया जिसका कुल वजन 81.520 किलोग्राम किमती 4,10,000 रू. एवं बोलेरो वाहन व 2 मोबाईल को जब्त किया गया।

# बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचकर बता रहे ईवीएम मशीन से कैसे दें वोट, मतदान के लिए कर रहे जागरूक

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांवों में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान
- जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहा मतदाता जागरूकता रथ
- 'एक भी मतदाता न छूटे' थीम के साथ चल रहा अभियान



**रायगढ़।** मतदान का महत्व और ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने जिले की सभी विधानसभाओं के गांव-गांव में मतदाता जागरूकता प्रचार रथ भ्रमण कर रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बीते दिनों कलेक्टोरेट से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया था। उनके निर्देश पर यह मतदाता प्रचार रथ अब जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। धरमजयगढ़ विधानसभा के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांवों में लोगों को इस रथ के माध्यम से मतदान के महत्व तथा ईवीएम मशीन के जरिए वोटिंग की पूरी प्रक्रिया भी समझाई जा रही है।

इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विधानसभा के खलबोरा गांव में ईवीएम प्रदर्शन वैन पहुंची। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोग निवास करते हैं। मतदाता जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से गांव वासियों को मतदान के बारे में पूरी जानकारी दी जा रही है। ईवीएम का प्रदर्शन कर उन्हें मशीन की कार्यप्रणाली समझाया जा रहा है। बैलेट यूनिट से कैसे वोट डालना हैं। वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान करना है, यह सब बताया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि वोट कैसे डाला जाता है यह भी कर के देखा।

उल्लेखनीय हैं कि भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन कार्यालय के दिशा-निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। (स्वीप) सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है।

**'एक भी मतदाता न छूटे' थीम के साथ कर रहे जागरूक**

भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप एक भी मतदाता ना छूटे 'नो वोटर टू बी लेफ्ट बिहाइंडÓ के थीम को लेकर रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम को जन अभियान बनाकर प्रचार-प्रसार के लिए विशेष योजना तैयार की गई है जिसके तहत ईवीएम प्रदर्शन वैन जिला में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा हैं।

**मतदाताओं को जोडऩे चल रहा विशेष अभियान**

जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना बनाई जा रही हैं।

## महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, ओड़िशा भागने की फिराक में था आरोपी



रायगढ़। दिनांक 21/07/2023 को थाना चक्रधरनगर में जिला जांजगीर चांपा की रहने वाली महिला द्वारा आरोपी मनोज कौड़ी निवासी कोलाईबहाल जामगांव के द्वारा 13 जून को डरा धमकाकर जामगांव जंगल में दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

पीड़ित महिला बतायी कि अपने परिवार के साथ करीब 1 साल से रायगढ़ में रहती है। 13 जून को एमएसपी फैक्ट्री के पास आम तोड़ने गई थी। जहां जान परिचित मनोज कौड़ी मिला जिसने जंगल में आम तोड़ने चलो कहकर बोला और जंगल में डरा धमका कर दुष्कर्म किया। लोक लाज के डर से महिला घटना किसी को नहीं बताई थी। कल घर परिवार में सलाह मशवरा के बाद थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला के रिपोर्ट पर धारा 376, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर एवं उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे हमराह स्टाफ के साथ आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये कोलाईबहाल आरोपी मनोज कौड़ी के किराये मकान पर दबिश दिये, आरोपी अपराध दर्ज होने का आभास पाकर अपने गांव ओड़िसा फरार होने की फिराक में था पुलिस टीम ने जामगांव से आरोपी मनोज कौड़ी उर्फ मनोज यादव पिता रमेश कौड़ी उम्र 27 साल निवासी खोला अंबाभौना जिला बरगढ़ उड़ीसा हाल मुकाम जामगांव गोलू मारवाड़ी का मकान थाना चकरनगर को हिरासत में लेकर थाना लाये। आरोपी को आज दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरीपाली और गोड़म का किया निरीक्षण, स्कूलों के मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों का किया अवलोकन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के स्कूलों का दौरा किया। डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय डोंगरीपाली में बीईओ बरमकेला नरेन्द्र कुमार जांगड़े, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ और प्राचार्य से स्कूल की गतिविधियों, शिक्षक व्यवस्था और भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों के लिए सुझाव दिए।

शिक्षकों के द्वारा स्कूल में सामान्य ब्लैकबोर्ड और प्रोजेक्टर दोनों माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही थी। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते हैं' डॉक्टर, इंजीनियर। छात्र-छात्राओं ने अपनी इच्छा कलेक्टर के सामने व्यक्त की। डॉ. सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को कहा कि भविष्य में जो भी बनना चाहते हैं, उसको ध्यान में रखते हुए अभी से पढ़ाई शुरू करना होगा।

डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गोड़म में बीईओ सारंगढ़ रेशम लाल कोसले, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ खाण्डेकर और प्राचार्य से स्कूल भवन में किए जा रहे मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली और स्कूल के बुनियादी कक्षों पुस्तकालय, प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, शौचालय आदि के जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्यों के संबंध में सुझाव दिए। दौरे में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी भी शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि जिले में स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के माध्यम से किया जा रहा है।

## लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर, आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ ढिमरापुर चौक पर किया था लूटपाट

- आरोपी से लूट की गई मोटर सायकल, पर्स, घड़ी और नकद रुपए जब्त, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रामभांठा में छापेमारी कर लूट के फरार आरोपी गगनदीप सिंह को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी गगनदीप सिंह अपने दो दोस्तों के साथ 19 जुलाई को ढिमरापुर चौंक पर युवक से मोटर सायकल, पर्स, घड़ी की लूटपाट किया था। आरोपी के दोनों साथी फरार हैं।

घटना को लेकर कल 21 जुलाई को ग्राम कोतरलिया, चक्रधरनगर के विनय बेहरा (19 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19/07/2023 को अपनी मोटर सायकल टीव्हीएस स्पोर्ट क्रमांक सीजी 13 एयू 6207 में अपने मामा लक्ष्मी प्रसाद बेहरा निवासी विकास नगर कोतरारोड़ के घर घुमने आया था। उसी शाम करीब 07:30 बजे अपनी मामा की लड़की के साथ ढिमरापुर चौक गया था। जहां तीन लड़के (गगनदीप सिंह और उसके 02 दोस्त) झगड़ा विवाद धक्का मुक्की हाथापाई कर विनय के मोटर सायकल, मोबाइल रेडमी-8, पहने घड़ी, पाकिट में रखे पर्स को डरा धमका कर लूटकर भाग गये। विनय ने आसपास के दुकानदारों से तीनों लड़कों के बारे में पूछताछ किया तो वे गगनदीप सिंह निवासी रामभांठा रायगढ़, सैफू उर्फ जैकी खान निवासी ढिमरापुर पुराना बस्ती रायगढ़, साहिल एक्का निवासी जवाहर नगर रायगढ़ का होना पता चला। थाना कोतवाली में तीनों आरोपियों के विरूद्ध लूट का अपराध कायम कर थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रेके नेतृत्व में आरोपियों के सकुनत पर छापेमारी किया गया जिसमें आरोपी गगनदीप सिंह पिता तरणजीत 19 साल निवासी रामभांठा रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया जिससे लूट किया गया मोटर सायकल, पर्स, घड़ी और नकद 350 रूपये बरामद हुआ है। आरोपी के दोनों साथी आरोपी साहिल एक्का, सैफू उर्फ जैकी खान फरार हैं। लूट करने वाले तीनों लड़कों को लोगों से जबरन झगड़ा, विवाद करने का आदी बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस फरार दोनों आरोपी साहिल एक्का, सैफू उर्फ जैकी खान की सरगर्मी से तलाश कर रही है। आरोपी गगनदीप सिंह को आज दोपहर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, संदीप मिश्रा, उत्तम सारथी, जगन्नाथ साहू की अहम भूमिका रही है।

## जिले के सारबिला अकादमी में सुपरवाइजर भी होंगे अतिथि शिक्षक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में निःशुल्क कोचिंग सारबिला अकादमी सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव के छात्र-छात्राओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर पद की भर्ती को मद्देनजर उनकी कोचिंग में तैयारी के लिए जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजरों को अतिथि शिक्षक के रूप में कक्षाएं लेने के लिए आदेशित किया है। यह कार्य उनके वर्तमान विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त होगा। जिले के सारबिला अकादमी बरमकेला में 2, भटगांव में 2 और सारंगढ़ में 3 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। सारबिला अकादमी सारंगढ़ में सुपरवाइजरों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं की दी। इस अवसर पर अन्य अतिथि शिक्षक एवं सारबिला सारंगढ़ के समन्वयक सत्येन्द्र कुमार बसंत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सारबिला अकादमी जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर अतिथि शिक्षकों एवं अन्य पाठ्य सामग्रियों के साथ निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है। समय-समय पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों की पुस्तक, ब्रोशर जैसे-जनमन, संबल, न्याय के 4 साल आदि का भी वितरण किया जा रहा है।

## धरमजयगढ़ तहसील कार्यालय में खुला मतदाता मार्गदर्शन केंद्र, मास्टर ट्रेनर देंगे पूरी जानकारी

- बटन दबाकर देख सकेंगे मतदाता कैसे काम करती है ईवीएम मशीन
- कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान




**रायगढ़।** ईवीएम मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया कैसे होती है। मशीन के बैलेट यूनिट से मत कैसे डाले जाते हैं। वोट देने के बाद वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान कर सकते हैं। मतदान केंद्र में मतदाता के आने से लेकर वोट डालने तक कौन कौन से चरण होते हैं। मतदान के समय किन बातों का ध्यान रखना होता है। इन सभी प्रश्नों के उत्तर के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत धरमजयगढ़ के तहसील कार्यालय में मतदाता मार्गदर्शन केंद्र खोला गया है। जहां पहुंचकर कोई भी मतदाता ईवीएम मशीन से वोटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया समझ सकता है। एक मतदान केंद्र की भांति यहां ईवीएम मशीन रखा गया है। मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है। जो मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में पूरी जानकारी देंगे।

गौरतलब है कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश में पूरे जिले स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तहसील कार्यालयों में मतदाता जागरूकता केंद्र खोले गए हैं। गांव-गांव तक ईवीएम प्रदर्शन वैन भेजकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ ईवीएम मशीन के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट एवं तहसील कार्यालयों में ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार जारी है। जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी दी जा रही है। कलेक्ट्रेट में किसी कार्य से आई ग्राम कुर्राहा की महिला लक्ष्मीन को ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ अपने पसंदीदा उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह में वोट देने और कोई उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहती तो नोटा बटन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। मतदान सामग्री ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रचार-प्रसार हेतु जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालयों एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ई.व्ही.एम. प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। ई.व्ही.एम. मशीनों के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोई भी नागरिक स्वयं ई.व्ही.एम. मशीन का प्रयोग कर मशीन संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। आगामी नवंबर-दिसंबर में विधानसभा 2023 निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी पसंद के प्रतिनिधि को मतदान कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले के किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में यदि जुड़ नहीं पाया है तो निर्वाचन कार्यालयों में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते है। इसके अलावा अपना नाम, पता, उम्र, लिंग इत्यादि संशोधन के लिये भी प्रविष्टि सुधार करा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480